RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 125 • 18:05:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## मंगल ग्रह पर अगले 30 सालों में बसेगी नई सभ्यता

### बनेंगे कई बड़े शहर, एलन मस्क ने कर दी भविष्यवाणी



वाशिंगटन (एजेंसी)। मंगल ग्रह तक पहुंचना इंसान के लिए स्वप्न रहा है। आज भी पृथ्वी के करीब के इस ग्रह के रहस्यों को जानने की उत्सुकता इंसान में बरकरार है। इस बीच तकनीक की दुनिया के दिग्गज एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि अगले 30 सालों में मंगल ग्रह पर शहर बस जाएंगे। इनमें लोग रहा करेंगे। यह उस कल्पना के साकार होने जैसा होगा, जिसमें लोग कहते हैं कि अब मंगल और चांद पर भी कॉलोनियां बसेंगी। स्पेसएक्स के फाउंडर मस्क ने एक्स प्लेटफॉर्म पर अपने एक फॉलोवर के ट्वीट का जवाब देते यह बात कही। एलन मस्क ने कहा कि हम मंगल ग्रह पर उतरने से बस कुछ ही साल दूर हैं। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में चालक दल से इतर भी लोगों को भेजेंगे। 10 साल में जमीन पर रहने वाले लोगों को मंगल पर पहुंचाएंगे। अगले 20 साल में एक शहर और निश्चित रूप से 30 साल में सभ्यता बनाने में कामयाब होगें। मस्क द्वारा की गई नवीनतम अंतरिक्ष भविष्यवाणियों पर उनके फॉलोअर्स चर्चा कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। एक प्रशंसक ने ट्वीट किया इतने सारे लोगों के लिए यह एक अकल्पनीय... उम्मीद है मैं प्रगति देखने के लिए 10 साल और जीवित रहूंगा। एक अन्य ने कहा एआई, वीआर और अब मंगल। मैंने अपने जीवनकाल में इनमें से किसी के घटित होने की उम्मीद नहीं की थी। अब यह बहुत अविश्वसनीय है। तीसरे ने कहा वाह! प्रभावशाली। मैं संभवतः 30 तक यहां नहीं रहूंगा लेकिन मैं अगले जन्म से देखूंगा! जबकि चौथे ने कहा हममें से अधिकांश लोग इन लक्ष्यों को हासिल करने का अनुभव करेंगे। यह रोमांचक है। मस्क ने स्पेसएक्स की नींव 2002 में रखी थी। यह कंपनी लिक्विड प्रोपेलेंट रॉकेट को कक्षा में भेजने और अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने वाली पहली निजी कंपनी बनी। इसकी स्थापना से एक साल पहले मस्क ने अपने मार्स ओएसिस प्रोजेक्ट के साथ लाल ग्रह को हरा-भरा बनाने की योजना की रूपरेखा बना ली थी। एलन मस्क अकसर अंतरिक्ष को लेकर भविष्यवाणियां करते हैं और लोग उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से लेते रहे हैं। उनके करीब 183 फॉलोअर्स हैं, जो उनकी टिप्पणियों पर चर्चा करते हैं।



## कांग्रेस और टीएमसी में 'इंडिया' को लेकर छिड़ी रार

● ममता बोलीं-हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।** सत्ता में आने पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बाहर से समर्थन देने की घोषणा के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यू-टर्न ले लिया है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर



भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर हमला बोला है। बनर्जी ने कहा, ''कुछ लोगों ने कल के मेरे बयान को गलत समझा है।

## पहले कॉलर पकड़ा, फिर जमीन पर पटका, बूट से कुचलने लगा सीना

**नालंदा (एजेंसी)।** तीन दिन पहले बिहार के नालंदा जिले के सिलाव थाना के दारोगा और जवानों का मैकेनिक के साथ मारपीट का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि अब बिहारशरीफ के लहेरी थाना इलाके के धनेश्वरघाट मोहल्ला में 112 वाहन पर तैनात जवान का बीच सड़क युवक की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद नगर थानाध्यक्ष



ने कहा कि बच्चों के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस गई थी। वायरल वीडियो में कंधे पर पिट्ठू बैग और आर्मी का वर्दी पहना एक शख्स युवक के गले का गमछा पकड़ कर पहले तो लप्पड़-थप्पड़ कर रहा है, उसके बाद कई बार उसे जमीन पर पटक-पटक कर पीटता दिख रहा है। इतने से भी जब उसका मन नहीं भरा तो जमीन पर पटककर बूट से सीने पर कई बार वार करते दिख रहा है। इसके बाद वह शख्स अपने सहकर्मी को लेकर बुलाया। थोड़ी देर में 112 आपात वाहन पहुंची।

## शाह बोले-केजरीवाल जहां जाएंगे, शराब घोटाले की याद दिलाएंगे

● संविधान बदलने का बहुमत हमारे पास 10 साल से है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शराब नीति केस को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल प्रचार के लिए जब भी जहां भी जाएंगे, लोगों को शराब घोटाला याद आएगा। कई लोगों को तो बड़ी बोतल



दिखेगी। विपक्ष के संविधान बदलने वाले बयान पर अमित शाह ने एक इंटरव्यू में कहा- संविधान बदलने का बहुमत हमारे पास 10 साल से है। हमें 400 सीटें चाहिए, क्योंकि देश में राजनीति में स्थिरता लाना चाहते हैं, क्योंकि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना है। हमने 10 सालों में अनुच्छेद 370 को निरस्त किया, तीन तलाक को खत्म किया, राम मंदिर बना, ष्ष्ट लेकर आए। बहुमत के दुरुपयोग करने का इतिहास हमारी पार्टी का नहीं है। बहुमत का दुरुपयोग इंदिरा गांधी के समय में कांग्रेस ने किया था। केजरीवाल पर शाह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

## अब खटाखट का 'रेला', 5वें चरण में होगा बड़ा 'खेला'

● पीएम मोदी के वार पर राहुल गांधी और अखिलेश का पलटवार ● यूपी में पंजे और साइकिल के सपने टूट गए खटाखट-खटाखट

### यूपी के फतेहपुर में पीएम मोदी का अखिलेश-राहुल पर बड़ा हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूपी पहुंचे। यहां पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। पीएम ने कहा कि पंजे और साइकिल के सपने टूट गए, खटाखट खटाखट। अब 4 जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किसके सिर पर फोड़ा जाए, खटाखट खटाखट। इतना ही नहीं, पीएम ने कहा कि मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट खटाखट। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने यह कहा था कि शहजादा वायनाड से भाग जाएंगे और अमेठी की ओर जाने की हिम्मत नहीं करेंगे। यह सच हो गया। अब अपना सम्मान बचाने के लिए कांग्रेस ने मिशन-50 का फैसला किया है। इसके लिए भानुमती के कुनबे में हवा भरने की कोशिश हो रही है, लेकिन जिस इंडिया गठबंधन की गाड़ी का टायर पहले दिन से पंक्चर हो जाएगा वो कितना आगे जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि माफियाओं के लिए समाजवादी पार्टी का प्यार अभी खत्म नहीं हुआ है। उनके पार्टी प्रमुख माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ रहे हैं।

## 5 जून को महिलाओं के एकाउंट में आएंगे एक लाख खटाखट

### राहुल गांधी का बड़ा दावा, अखिलेश का स्मृति ईरानी पर हमला

**अमेठी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा के पक्ष में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली हुई। रैली के मंच पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव



मौजूद रहे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेठी से अपना नाता बताते हुए कहा कि 4 जून को सरकार बनते ही गरीब महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये जमा कराएंगे। वहीं, फूड पार्क बनाने की बात एक बार फिर कही। राजीव गांधी से केएल शर्मा के संबंधों जिक्र करते उन्होंने कहा कि इन्हें जिताएं। मैं भले रायबरेली का सांसद रहूं, अमेठी से मैं दिल से जुड़ा हूं। इंडिया गठबंधन के मंच से समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा के पक्ष में वोट मांगा। साथ ही, मंच से भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार अमेठी की स्मृति (यादों) में रह जाएंगी। चुनाव के बाद स्मृति ईरानी अमेठी से अपना बोरिया-बिस्तर समेट कर मुंबई रवाना होने वाली हैं। अमेठी के लोगों ने यह तय कर लिया है। सपा और कांग्रेस की ताकत इस बार एकजुट होकर विधानसभा सीट पर दिखने वाली है। राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर अमेठी में बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही 4 जून को अग्निवीर योजना कूड़ेदान में फेंक देंगे।

## भारत के विकास पर अब यूएन ने भी लगाई मुहर

### यूएन बोला-चीन से ज्यादा पसंद कर रहे निवेशक

जिनेवा (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विदेशी निवेश बढ़ने की बात कही है। साथ ही यूएन का यह भी कहना है कि पश्चिमी देशों की कंपनियों के लिए भारत पहली पसंद बन गया है, जिसके चलते भारत की आर्थिक प्रगति काफी अच्छी हुई है। इस दौरान 2024 के सकल घरेलू उत्पाद से जुड़े आंकड़े भी जारी किए गए। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 7 फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के प्रमुख हामिद राशिद ने कहा कि भारत को अन्य पश्चिमी स्त्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है।

### अमेरिकी सांसद बोले-

## भारत मानवाधिकारों पर लेक्चर नहीं सुनेगा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में भारतीय मूल के सांसदों का कहना है कि वे भारत के साथ मानवाधिकारों का मुद्दा उठाते रहेंगे। हालांकि, भारत उन पर काम नहीं करेगा। अमेरिका में गुरुवार को देसी डिसाइड्स नाम की एक समिट हुई। इसमें अमेरिकी चुनाव में भारतवंशियों के प्रभाव को लेकर चर्चा हुई। इसी दौरान सांसद आर ओ खन्ना ने कहा कि अमेरिका को मनवाधिकारों के मुद्दों पर भारत की लीडरशिप से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत पर 100 साल तक विदेशी हुकूमत का राज था। तो जब आप भारत को मानवाधिकारों पर लेक्चर देंगे तो वो आपकी बात नहीं सुनेंगे। समिट में भारतवंशी सांसदों से पीएम मोदी और मुस्लिम समुदाय के साथ उनके संबंधों पर सवाल किया गया था। आर ओ खन्ना ने कहा कि भारत लेक्चर सुनने की बजाय तब अपने लोकतंत्र की खामियों को सुधारेगा, जब अमेरिका भी अपनी गलतियों को स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत से बात करने का यही अच्छा तरीका है।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट, वीडियो मिलने का दावा

● एफआईआर में केजरीवाल के पीए पर लगाए कई गंभीर आरोप ● स्वाति ने कहा-मेरी शर्ट खींची, बटन खुले, पेट पर लात मारते रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सीएम आवास पर एएपी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी और मारपीट का शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया। दावा किया जा रहा है कि यह सीएम आवास का है। मारपीट के बाद स्वाति सोफे पर बैठी हैं। बिभव बाहर निकले और दिल्ली पुलिस की तरफ से तैनात सिक्योरिटी पर्सनल को अंदर भेजा। बिभव ने स्टाफ से कहा कि स्वाति मालीवाल को बाहर निकाला जाए। स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के आवास पर हुए हमले को लेकर सीसीटीवी फुटेज जांच की मांग की है।

मालीवाल ने कहा है कि एक दिन सबका सच सामने आ जाएगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा है कि वह खुद को बचाने की कोशिश में जुट गया है, लेकिन एक दिन सबकी सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। स्वाति मालीवाल ने



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट्स करवाके, आधी बिना संदर्भ की वीडियो चलाके, इसे लगता है यह इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला। घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सबकी सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। उन्होंने साफ नहीं किया है कि आखिर यह हिटमैन कौन है।

स्वाति मालीवाल की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय पर सामने आई जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि एक महिला सोफे पर बैठी हैं और उनके आसपास कुछ गार्ड हैं। उनके बीच बहस हो रही है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो 13 मई का है और केजरीवाल के आवास के भीतर का है। हालांकि, हमारा अखबार इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

## ट्रक में घुसी यूपी रोडवेज की बस, 5 महिलाओं की मौत

### 12 लोग घायल, भरतपुर में नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

**भरतपुर (एजेंसी)।** भरतपुर के हलैना के पास नेशनल हाईवे पर जयपुर जा रही बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं। हलैना थाना इंचार्ज बृजेंद्र शर्मा ने बताया- हादसा दोपहर 1.30 बजे हुआ। घायलों को हलैना हॉस्पिटल लेकर गए। 13 में से 8 घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है। 5 घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। ट्रक ड्राइवर फरार है। बस उत्तर प्रदेश (यूपी) परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है। बस अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी। ट्रक भी जयपुर की तरफ जा रहा था। उसमें लकड़ियां भरी हुई थीं। हादसे में 12 यात्री घायलः निक्की जाट (28), रामू (35), संतोष (45), सूर्यप्रताप (21), राजू (27), मोहित (32), पप्पू (45), जीतेंद्र (25), अवनीश (35), तेजवीर (32), सुमित (26), एक बच्ची (3), एक बच्चा (1) पांच महिलाओं के शव हलैना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं।



### रक्षा प्रतिष्ठान मामला

## गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के मामले में बड़ा ऐक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के मामले में बड़ा ऐक्शन लिया है। भारतीय नौसैन्यकर्मियों को मोह पाश में फांसने की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की साजिश के मुख्य आरोपी अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोप पत्र दायर हुआ है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। एनआईए की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि जांच ऐजेंसी ने शेख को पिछले वर्ष 20 नवंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने विशाखापत्तनम में एनआईए की विशेष अदालत में शेख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत पूरक आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए के अनुसार, सलीम शेख को उन सिम कार्ड को सक्रिय करने में शामिल पाया गया था।

## चारों धामों के पास अब सभी मोबाइल फोन पर लगा बैन

● रील या वीडियो बनाना भी पड़ेगा भारी, सख्त ऐक्शन की तैयारी

**देहरादून (एजेंसी)।** केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों के



मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। धामों में रील बना कर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ऐसे में धामों में अब श्रद्धालु न मोबाइल का इस्तेमाल कर पाएंगे और न ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए रील बना पाएंगे। मुख्य सचिव ने गुरुवार को सचिव पर्यटन को निर्देश जारी करते हुए आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम में इस बार पिछले सालों की तुलना में कहीं अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ आ रही है। इस बढ़ती भीड़ के कारण धामों में दिक्कतें न हों, इसके लिए भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा है। धामों में मंदिर परिसर में मोबाइल बैन रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में 1 जून को वोटर्स के लिए खास ऑफर, मूवी टिकट पर 50% का डिस्काउंट

**पटना।** पटना जिले में सातवें चरण के तहत आगामी 1 जून को वोट डाले जाएंगे। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। वोटिंग वाले दिन मूवी, जिम, रेस्टोरेंट समेत बेकरी शॉप पर विशेष छूट दी जाएगी। वोटरों को मूवी टिकटों पर 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। यह छूट 1 और 2 जून को सभी शो में दिया जाएगा। कोई भी मतदाता वोट डालने के बाद अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखाएंगे तो उन्हें टिकटों पर 50% की छूट मिलेगी। आशियाना-दीघा रोड रूकनपुरा स्थित आउटलेट 'बिरयानी बाय बिहारिज' की ओर से 1 से 5 जून तक खरीद पर 15% की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही 1 जून को मतदान करने के लिए बूथ पर जाने में कोई परेशानी ना हो, इसके लिए रैपिडो मतदाताओं को फ्री सेवा देगा। घर से पोलिंग बूथ तक जाने और फिर वापस घर आने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है। रैपिडो ऐप का प्रयोग कर मतदाता फ्री परिवहन सेवा प्राप्त कर सकते हैं। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र का वोटिंग प्रतिशत सबसे खराब रहा है। पिछली बार 45% ही वोटिंग हुई थी। वोट देने के लिए हम सभी लोगों को 5 मिनट समय जरुर निकालना चाहिए। जैसे हमलोग दिवाली या ईद मनाते हैं, वैसे ही लोकतंत्र का यह पर्व 5 साल में एक बार आता है। इसलिए हम सभी लोगों को इस पर्व को अच्छे से सेलिब्रेट करना चाहिए। पटना के विभिन्न संगठन भी इसके लिए सामने आ रहे हैं। दैनिक भास्कर की ओर से रन फॉर वोट इवेंट कराया जा रहा है। वोटिंग के दिन रैपिडो की ओर से 1000 बाइक वोटरों के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी। यह सारी चीज मतदान के लिए हो रही है। इसलिए 1 जून को हम सभी को अपने मतदान का हक जरूर जताना चाहिए। पटना, बिहार और भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत

**हाजीपुर ।** वैशाली के लालगंज थाना क्षेत्र परमानंदपुर में मवेशी के लिए चारा लाने गए किशोर की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना लालगंज थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मृतक किशोर की पहचान देसरी थाना क्षेत्र के नया गांव पश्चिम निवासी सुनील महतो के 10 वर्षीय पुत्र रामवीर कुमार के रूप में हुई है। जो 5वीं का छात्र था। मृतक रामवीर लालगंज थाना क्षेत्र के परमानंदपुर गांव में बीते 12 तारीख को अपने मौसी के यहां गया था। दो-तीन बच्चों के साथ मवेशी का चारा लाने गया और जेसीबी से खोदे गड्ढे में गिर गया था। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा ने बताया कि मेरा भतीजा अपने मौसी के यहां गया था। दो-तीन बच्चों के साथ चवर में मवेशी के लिए चारा लाने चला गया। इसी दौरान जेसीबी से खोदे गड्ढे में वह गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। किशोर की मौत हो जाने से परिजनों में कोहरा मच गया है। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।



### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**हाजीपुर ।** वैशाली के हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र के चौरसिया चौक पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। मौके के बाद गुस्साए आक्रोशित लोगों ने चौरसिया चौक के पास सड़क जाम कर दिया। युवक की मौत और जाम सूचना प्राप्त होते हैं मौके पर पहुंची औद्योगिक थाने की पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत किया और सड़क को जाम से मुक्त किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतक की पहचान गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के तेरसिया निवास रामनरेश राय के 34 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार राय के रूप में हुई है। जो वाहन चलाकर परिवार भरण पोषण कर रहा था। जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर के तेरसिया से किसी काम से बाइक से हाजीपुर की तरफ आ रहा था। तभी चौरसिया चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। मृतक के पिता किसान है और चार छोटे छोटे बच्चे भी हैं सभी के सर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों का रो रोकर बूरा हाल हो गया है। औद्योगिक थानाध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी गई है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



### शिक्षा को लेकर सख्ती, स्कूलों में 90% उपस्थिति नहीं रहने पर प्रधानाचार्य और शिक्षकों पर कार्रवाई

**पटना।** सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी के बाद एक बार फिर से पढ़ाई शुरू हो गई है। हालांकि पहले दिन ज्यादातर स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम रही। गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 90% अनिवार्य कर दी गई है। शिक्षकों की उपस्थित भी शत प्रतिशत होनी अनिवार्य है। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि स्कूलों में 90% उपस्थिति नहीं रहने पर प्रधानाचार्य और शिक्षकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाचार्य की जिम्मेवारी बढ़ गई है। पहले से लागू निर्देश के अनुसार तीन दिन से अधिक बिना बताए स्कूल नहीं आने वाले बच्चों के अभिभावकों से स्कूल प्रबंधन के द्वारा फोन कर स्कूल नहीं आने का कारण पूछा जाता है। सात दिनों तक स्कूल नहीं आने पर अभिभावकों को नोटिस भेजा जाता है और बिना जानकारी 15 दिनों तक स्कूल नहीं आने वाले बच्चों का रजिस्टर से नाम काट दिया जाता है। इसके बाद दोबारा नाम लिखवाने के लिए प्रॉपर कारण के साथ अभिभावकों को शपथ पत्र एफिडेविट के साथ देना होता है तब जाकर नाम वापस रजिस्टर में दर्ज हो सकता है। सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 90% हो सके जिसको लेकर शहरी क्षेत्र के स्कूलों के लिए मीना मंच, बाल संसद, वर्ग शिक्षक और हेड मास्टर के साथ-साथ विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के माध्यम से बच्चों को स्कूल लाने की पहल की जा रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में टोला सेवा और तालीमी मरकज के माध्यम से बच्चों को स्कूल पहुंचाया जा रहा है और उनके माध्यम से बच्चों के नामांकन पर भी जोर दिया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में 75 प्रतिशत अटेंडेंस अनिवार्य है और बिना कारण बताए 15 दिनों तक उपस्थित नहीं रहने वाले बच्चों का नाम काटने का सिलसिला जारी है। जुलाई 2023 से इस वर्ष 13 अप्रैल तक यानी दस महीने में पूरे बिहार में कक्षा एक से 12वीं तक के 23,96,717 बच्चों का नाम काटा जा चुका है। इसमें से 421213 बच्चों का री एडमिशन लिया गया है। वहीं पटना जिला की बात करें तो कक्षा 1 से आठवीं तक 88164 और कक्षा 9 से 12वीं तक 14528 बच्चों का नाम काटा गया। इसमें 24628 बच्चों का री एडमिशन लिया गया। पूरे बिहार में कक्षा 1 से आठवीं तक 1924042 और कक्षा नौवीं से 12वीं तक 472675 बच्चों का नाम काटा जा चुका है।

### पीएमसीएचः नए भवन में शिफ्ट ओपीडी का रजिस्ट्रेशन 18 मई से राजेंद्र सर्जिकल ब्लॉक के बाहर बने काउंटर पर होगा

**पटना।** पीएमसीएच के नए भवन (सेंट्रल यूटिलिटी बिल्डिंग) में शिफ्ट किए गए विभागों के ओपीडी का रजिस्ट्रेशन अभी मखनिया कुआं स्थित पुराने ओपीडी भवन में ही हो रहा है। उन विभागों का रजिस्ट्रेशन 18 मई से राजेंद्र सर्जिकल ब्लॉक के बाहर निर्मित रजिस्ट्रेशन काउंटर पर होगा। इससे मरीजों को सहूलियत होगी। नए भवन से पुराने रजिस्ट्रेशन काउंटर की दूरी अधिक थी। नए भवन में जिन विभागों के ओपीडी शिफ्ट किए गए हैं, उनमें मेडिसिन, टीबी एंड चेस्ट, गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी, पीएमआर, जेरिएट्रिक्स आदि शामिल हैं। अधीक्षक डॉ. आईएस ठाकुर के मुताबिक सभी विभागों का ओपीडी नए भवन में ही चलेगा। विभागों को बारी-बारी शिफ्ट किया जा रहा है। नए भवन में ब्लड बैंक को भी शिफ्ट किया जाएगा।

# स्कूलों में नए टाइमिंग को लेकर बढ़ा विवाद

**एजेंसी, पटना।**



## ♦ 5 विधान पार्षदों और शिक्षक संघ ने लिखा सीएम को पत्र, शिक्षा विभाग पर लापरवाही का आरोप

गर्मी की छुट्टी के बाद बिहार के सभी सरकारी स्कूल गुरुवार से ही नई टाइमिंग के साथ खुल गए है। लेकिन इस नई टाइमिंग को लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी बीच बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। वहीं, जीतने वाले विधान पार्षद सरकार से भी नाराज हैं। 5 विधान पार्षदों ने प्रदेश में शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है। स्कूल के समय में बदलाव को लेकर आज सभी शिक्षक साथी 11 बजे से सोशल मीडिया X पर #ReviseSchoolTime के साथ ट्वीट भी करेंगे।

**खतरे में है बच्चों की जानः** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह लिखा की शिक्षा विभाग के घोर अलोकतांत्रिक, अमानवीय तथा तानाशाही रवैये से शिक्षक और बच्चों की जान खतरे में है। नीतीश कुमार से शिक्षा विभाग के असंवेदनशील, अव्यवहारिक और मुख्यमंत्री को भी कलंकित करने वाले आदेश को तुरंत निरस्त करने की अपील की है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उन्होंने कहा है कि शिक्षा विभाग आपको भी शारीरिक, मानसिक और राजनीतिक रूप से स्वस्थ नहीं होने देने का संकल्प ले रखा है।

**बेपरवाह है विभागः** शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री को कहा कि 16 मई से लाखों-लाख बच्चों एवं शिक्षकों को 90 प्रतिशत उपस्थिति की गारंटी खाली पेट करने एवं 12 बजे दुपहरिया में जब तापमान 45 डिग्री रहेगा तब बच्चों को घर जाने के लिए मजबूर करेगा। शिक्षकों को खाली पेट 1:30 बजे घर लौटाया जा रहा है। मुजफ्फरपुर के शिक्षक अविनाश कुमार लू लगने के कारण इस दुनिया से विदा हो गए। कई सुकुमार बच्चे काल-कवलित हो गए। लेकिन विभाग बेपरवाह है। शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह बताया है कि शिक्षामंत्री एवं संभवत आपके द्वारा भी 6 बजे से विद्यालय संचालन की अनुमति नहीं दी गई होगी। 6 बजे बच्चों के माँ-बाप को जागना और उनके लिए नाश्ता तैयार करना और जो शिक्षक कोसों दूर विद्यालय जायेंगे उन्हें भी बिना नाश्ता किये ही विद्यालय पहुँचना होगा। आपदा प्रबंधन विभाग ने मौसम वैज्ञानिकों के आधार पर बिहार में 'येलो अलर्ट' की चेतावनी दी है।

**5 विधान पार्षदों ने CM से मांगा था समयः** पांच विधान परिषदों ने आज सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से मिलने के लिए समय मंगा था। चुनावी व्यस्तता की वजह से समय नहीं मिल पाया है। एमएलसी डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा की शिक्षा विभाग ने छात्रों को कर परेशान कर के रखा है।42 डिग्री तापमान में छोटे बच्चे कैसे पढ़ेंगे। निजी स्कूल बंद हैं, सरकारी स्कूल खोल दिए गए। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री चुनाव में व्यस्त हैं। जल्द स्कूलों के समय सारणी में बदलाव किया जाए।

**शिक्षा विभाग की ओर से क्या कहा गया अब वो जानिएः** शिक्षा विभाग की ओर से यह भी कहा गया है कि सुबह 6 बजे से 1:30 बजे के बीच शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। इस समय में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटेगा। इससे पहले मॉर्निंग शिफ्ट चलती थी तो सुबह 6:30 से 11:00 या 7:00 से 12:00 बजे तक संचालित होती थी।

**सोशल मीडिया पर भी ट्रेंडिंगः** सोशल मीडिया एकाउंट पर पहले नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। बिहार के शिक्षकों को मिल रहा है पूरे देश से समर्थन। सभी सामाजिक एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों का स्कूल टाइमिंग परिवर्तन में मिल रहा है सहयोग। गरीब परिवार बच्चों को परेशान करने वाले नए समय सारणी के खिलाफ जनता का आक्रोश दिख रहा है ट्विटर पर। बिहार के सभी शिक्षक एवं अभिभावक शिक्षा विभाग के तानाशाही आदेश के खिलाफ एक्स पर अपना आक्रोश प्रदर्शन कर रहे हैं।

## कोर्ट ने डीएम ऑफिस की निलामी का दिया इश्तेहार

**एजेंसी,हाजीपुर।**



हाजीपुर में कोर्ट ने एक सख्त और हैरतअंगेज फरमान जारी किया है। सड़क हादसे में पीड़ित पक्ष को मुआवजा देने में देरी से नाराज कोर्ट ने DM ऑफिस को नीलाम करने का इश्तेहार जारी किया है। पिछले 24 साल से कोर्ट में लटके मामले और पीड़ित पक्ष को मुआवजा देने के आदेश के बाद इसमें देरी से नाराज कोर्ट ने सरकार की संपत्ति नीलाम करने का फरमान सुनाया और आदेश में वैशाली DM के सरकारी कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट को नीलाम करने का इश्तेहार जारी किया है। साल 2000 में सड़क हादसे में एक शख्स की मौत हुई थी। मौत के बाद अदालत में चल रहे मुआवजे के दावे से जुड़ा है। बिदूपुर थाने के चकसिकन्दर में सरकारी रोड रोलर से हुए हादसे में फैज खलीफा नाम के शख्स की मौत हो गई थी। घटना के बाद मुआवजे को लेकर कोर्ट में मामला दायर हुआ था। चार सितंबर 2019 को क्लेम कोर्ट ने दो महीने के अंदर पीड़ित पक्ष को आठ लाख 10 हजार 840 रुपए मुआवजा देने का निर्णय सुनाया और सरकार को मुआवजा देना था। लेकिन सालों गुजर जाने के बाद भी पीड़ित पक्ष को मुआवजा नहीं मिला। पीड़ित पक्ष ने मुआवजा नहीं मिलने और देरी की शिकायत कोर्ट से की।

## पटना में बच्चे का शव स्कूल के गटर में मिला, यहीं पढ़ता था, भीड़ ने स्कूल में आग लगाई

**एजेंसी, पटना।**




पटना में टिनी टोट एकेडमी स्कूल के गटर से 4 साल के एक बच्चे का शव तड़के 3 बजे बरामद हुआ। वह इसी स्कूल में पढ़ता था। शव मिलने के बाद गुस्साए लोगों ने स्कूल कैंपस में तोड़फोड़ की, बिल्डिंग में आग लगा दी। गुस्साए परिजन ने शव को सड़क पर रख दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को बाटागंज पेट्रोल पंप के पास जाम लगा दिया। सड़क पर भी आगजनी की गई है। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाया और भीड़ को स्कूल से हटाया गया। करीब 3-4 घंटे के हंगामे के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। फायर ब्रिगेड ने स्कूल में लगी आग पर काबू पा लिया है। साथ ही पुलिस ने स्कूल प्रशासन से जुड़े 3 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सभी टीचर फरार हैं। बच्चे की पहचान पॉलसन निवासी शैलेंद्र राय के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल खत्म होने के बाद आयुष उसी स्कूल में ट्यूशन पढ़ता था। गुरुवार को भी वो रोज की तरह स्कूल गया, लेकिन लौटा नहीं। आयुष गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे स्कूल पहुंचा था, लेकिन शाम 5 बजे तक नहीं लौटा तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। परिजनों ने बच्चे के अगवा होने की शिकायत थाने में की थी। छात्र के चाचा ने बताया कि प्रिंसिपल ने पहले तो आयुष के स्कूल आने से ही इनकार किया। बाद में CCTV में वो दिखाई दिया। फुटेज के साथ छेड़छाड़ हुई है। 10 मिनट का फुटेज डिलीट किया गया है।

**❐ 10 मिनट का CCTV फुटेज गायब**

## बिहार में अगले 48 घंटे हीट वेव का यलो अलर्ट, 8 जिलों में की लू चलने की संभावना

**एजेंसी, पटना।**



**❐ 20 मई से मिलेगी राहत, बारिश के आसार**

मौसम विभाग ने बिहार के 8 जिलों में अगले 48 घंटे हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में पटना, भोजपुर, बक्सर, गया, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई और बांका शामिल है। विभाग के मुताबिक, 19 मई तक फिलहाल गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। हालांकि, 20 मई से मौसम में थोड़ा सुधार हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 मई को प्रदेश के कई जिलों में हल्की और मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान राजधानी पटना समेत 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। 43.8 डिग्री तापमान के साथ बक्सर सबसे गर्म जिला रहा।

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसमः** मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान मे 2-3 डिग्री की कमी होने का पूर्वानुमान है। हालांकि लू जैसी स्थिति बनी रहेगी और भीषण गर्मी का भी एहसास होते रहेगा। साथ ही मौसम विभाग ने किसानों के लिए विशेष चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक, गर्म दिन और लू चलने की आशंका के मद्देनजर किसानों को वह अपने कृषि कार्य सुबह दस से शाम चार बजे तक स्थगित रखें।

**आज कैसा रहेगा मौसमः** मौसम विभाग के अनुसार आज 17 मई को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सतही हवा का रफ्तार 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे और झोंखे के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने कि संभावना हैं। इस दौरान घर से बाहर निकलने से बचे तथा अपने आप को हाइड्रेटेड रखें एवं ओआरएस, घर का बना पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें।

## एयरपोर्ट को उड़ाने की मिली थी धमकी, पुलिस के हाथ खाली

**एजेंसी, पटना।**



**● पटना में PM मोदी के पहुंचने के पहले आया था मेल, सिटी SP बोले- गूगल के रिप्लाई का इंतजार**

पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल आया था। यह मेल 12 मई को आया था यानी उसी दिन, जिस दिन प्रधानमंत्री पटना आने वाले थे। मेल आने के बाद हड़कंप मच गया था। आनन-फानन में जांच के लिए बम स्क्वायड टीम और ATS की टीम एयरपोर्ट पहुंची और चप्पे-चप्पे की जांच की, लेकिन कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने मेल भेजने वाले की तलाश जारी की। इसके लिए 12 मई को ही जिस मेल ID से मेल भेजा गया था उस मेल ID को गूगल को भेजा गया, ताकि IP एड्रेस की जानकारी मिल सके, लेकिन अभी तक पुलिस को अभी तक गूगल का रिप्लाई नहीं आया है। पुलिस गूगल के रिप्लाई का इंतजार कर रही है।

**क्या बोले सिटी SP सेंट्रलः** पटना के सिटी SP सेंट्रल चंद्र प्रकाश ने बताया कि इस मामले को लेकर गूगल से संपर्क किया गया है। IP एड्रेस का पता लगाने में थोड़ा समय लगता है। पुलिस को गूगल के रिप्लाई का इंतजार है। IP एड्रेस की जानकारी मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। धमकी मिलने के बाद पुलिस की विशेष शाखा ने एंटी सबोटाज चेकिंग और BDDS टीम ने गहनता से जांच की थी। 12 मई को पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मेल के जरिए दी गई थी। यह धमकी countgroup03@beebic.com से भेजी गई थी। मेल 3 बजे एयरपोर्ट के मेल ID पर आया था। वहीं शाम के 6 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो करने पटना आने वाले थे। इससे पहले भी 1 मई को पटना स्थित राजभवन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि जांच के दौरान कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला था। इसके बाद पुलिस ने मेल भेजने वाले का IP एड्रेस तलाशने के लिए गूगल से संपर्क किया था। इस मामले में भी IP एड्रेस किसी साइबर कैफे का मिला था, लेकिन मेल करने वाले का पता नहीं चल सका था।

## रोहिणी आचार्य के नामांकन पर बीजेपी ने उठाया बड़ा सवाल

**एजेंसी, पटना।**



भाजपा मीडिया सेंटर में अधिवक्ता और चुनाव आयोग प्रदेश संपर्क प्रमुख एस डी संजय ने प्रेस वार्ता बुलाकर सारण से राजद के प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के नामांकन पर सवाल खड़े किए है। BJP ने रोहिणी आचार्य के नामांकन में तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सारण से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के नामांकन स्वीकृत करना रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा जल्दबाजी में लिया गया फैसला है।

**'बिना जांच किए नामांकन किया गया स्वीकार':** उन्होंने कहा की राजद प्रत्याशी के नामांकन दर्ज करने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी की ओर से हमलोगों ने तथ्यों को छिपाने की शिकायत की थी, लेकिन रिटर्निंग अधिकारी ने बिना जांच किए उनका नामांकन स्वीकृत कर लिया। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत रिटर्निंग अधिकारी को जांच करना चाहिए था। यह सबको मालूम है कि रोहिणी आचार्य सात वर्षों से दूसरे देश में रहती है। इस स्थिति में उनका पासपोर्ट स्टेटस क्या है? उनके आवास के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भी अस्पष्ट है कि वो भारत की नागरिक हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में अपने देश के प्रति निष्ठा रख रही हैं या नहीं, यह भी जांच नहीं हुई। इसी जांच के लिए पटना उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है और आग्रह किया गया है कि जल्द विशेष सुनवाई की जाए। शपथ पत्र में भी कई झूठ बोला गया है। संपत्ति का ब्यौरा भी गलत दिया गया है।

## सोशल मीडिया का दुरुपयोग पड़ रहा महंगा, गलत पोस्ट के खिलाफ इंस्टेंट एक्शन ले रही बिहार पुलिस

**एजेंसी, पटना।**



हाल के दिनों में बिहार पुलिस ने अपनी कार्यशैली में बहुत बड़ा बदलाव किया है। बिहार पुलिस अब सिर्फ थाना स्तर तक ही सीमित नहीं है। पुलिस अब अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है और यहां मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर रही है। इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से आपराधिक मानसिकता वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। वहीं, फर्जी अकाउंट बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर से उचित कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया सेंटर अपराध पर लगाम लगाने के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका निभा रहा है। इसी का परिणाम है कि आमलोगों के द्वारा इन प्रयासों की सराहना की जा रही है।

**हर्ष फायरिंग से जुड़ी शिकायत पर हो रही त्वरित कार्रवाईः** 5 मई 2024 को सीवान जिले के मैरवा के एक युवक द्वारा ऑर्केस्ट्रा में पिस्टल लहराने से जुड़ी शिकायत बिहार पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मिली थी, इसके बाद बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर ने संबंधित जिला पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद अगले दिन ही अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकार के मामले बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर में लगभग हर दिन आते हैं, जिनपर बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की टीम तुरंत कार्रवाई कर रही है। इन दिनों लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड पर काम कर रही है, ताकि राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न हो सके। हाल ही में सीतामढ़ी के प्रशांत यादव नामक युवक का स्टंट करता एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। बिहार पुलिस की सोशल मीडिया सेंटर की टीम ने उसे ट्रैक कर संबंधित थाने को भेजा, जिसके बाद सीतामढ़ी पुलिस ने उस लड़के का पता लगाया और उसके घर जाकर उसकी बुलेट बाइक जब्त की। उसके बारे में शिकायत मिल रही थी कि वह खुद हुड़दंग करता ही है, बाकियों को भी इसके लिए उकसाता है।

**देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तारः** वहीं गोपालगंज से भी एक लड़के का हथियार दिखाते रील्स वायरल हुआ था, जिसपर सोशल मीडिया सेंटर में कार्यरत बिहार पुलिस की टीम ने ट्रैक कर संबंधित थाने को भेज दिया। चंद घंटे में ही एक देसी कट्टा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले 2 महीने में बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर पर काम कर रही टीम ने अलग अलग प्लेटफॉर्म पर 300 से अधिक संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट को चिन्हित कर ईओयू को भेजा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**चंपानगर।** बिजली की आंख मिचौली से नगर पंचायत चंपानगर के पावर सब स्टेशन से जुड़े चंपानगर एवं बनमनखी प्रखंड के बहोरा पंचायत के वार्ड संख्या-18 स्थित मसुरिया पूर्व गांव के अलावा कई क्षेत्र के उपभोक्ता इस भीषण गर्मी में बेहाल हो रहे हैं। बाजार से लेकर घर तक लोग परेशान हैं। बिजली के जाते ही लोग पसीने से तर-बतर हो जाते हैं। इससे उपभोक्ता परेशान हैं। बाजार के दुकानदारों को इस लगन के मौसम में बिजली की कमी खल रही है, जबकि किसानों के खेतों में लगी मूंग, मकई एवं सब्जी की खेती में पटवन में परेशानी उत्पन्न हो रही है। चिलचिलाती धूप में जब स्कूली बचे घर लौटते हैं, तब बिजली गुल रहने से गर्मी उनकी परेशानी को और बढ़ा देती है। चंपानगर के उपभोक्ता आशुतोष कुमार, अजय कुमार मेहता, अशोक कुमार दास एवं मसुरिया पूर्व गांव के उपभोक्ता सूर्यानंद यादव उर्फ टुटू यादव, दिनेश्वर कामत, रमण विश्वास, कन्हैया लाल यादव आदि लोगों ने शासन-प्रशासन से निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की है।

### देर से आए शिक्षकों का वेतन रुका

**भागलपुर।** जिला शिक्षा विभाग ने अपनी निरीक्षण टीम की रिपोर्ट के आधार पर देर से स्कूल आए 12 शिक्षकों का वेतन रोका है। इनमें 11 नवगछिया व एक शिक्षक गोपालपुर के स्कूल के हैं। काम में लापरवाही पर एक निरीक्षण कर्मी का वेतन भी रोका गया। जिले के 1890 स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है।

### वेतन और पेंशन के लिए कुलपति को दिया पत्र

**भागलपुर।** टीएमबीयू में शिक्षकों और कर्मचारियों को फरवरी से अप्रैल तक का वेतन नहीं मिला है। जबकि पेंशनरों को जनवरी से अप्रैल तक की पेंशन भी नहीं मिली है। इसको लेकर टीएमबीयू शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के महासचिव रंजीत कुमार ने वीसी को पत्र देकर भुगतान करने की मांग की है। कर्मचारी नेता ने कहा है कि वेतन और पेंशन नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

### मारपीट कर हत्या के मामले में एक दोषी करार

**भागलपुर।** एडीजे 13 के कोर्ट ने मारपीट कर हत्या के मामले में जगदीशपुर के कोलाखुर्द के वीर कुमार उर्फ वीर कुमार सिंह को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर अब 22 मई को सुनवाई होगी। वीर कुमार पर कई लोगों के साथ मिलकर कोलाखुर्द के ही रिपु सिंह के साथ मारपीट करने का आरोप था जिसमें उसकी मौत हो गई थी। गुरुवार को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से शामिल एपीपी जयप्रकाश यादव व्यास ने बताया कि केस रिपु के पिता कृष्णानंद सिंह ने दर्ज कराया था।

### बच्चों की यह सवारी कहीं जानलेवा न बन जाए

**भागलपुर।** शहर में निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ढोने वाले निजी वैन या ऑटो चालक परिवहन विभाग के नियम को ताक पर रख सड़क पर धड़ल्ले से वाहन दौड़ा रहे हैं। इसमें अधिकांश वाहन चालक मैजिक, ऑटो समेत अन्य वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाकर उनके घर से स्कूल और स्कूल से घर लेकर आते-जाते हैं। ऐसे स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं।

### शहर में जल्द खुलेगा वृद्धजन आश्रम, मकान हो रहा चिह्नित

**मुंगेर।** मुंगेर बिहार सरकार के नगर विकास व आवास विभाग ने नगर निगम को पत्र लिखा है कि मुंगेर मुख्यालय में एक वृद्धजन आश्रम खोला जाना है, जिसके लिए शहर में एक किराए का मकान की रिपोर्ट मांगी गई है। सिटी मैनेजर एहतेशाम आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रम योजना के तहत खोला जाना है। उन्होंने बताया कि वृद्धजन आश्रम 100 बेड का होगा। इसके लिए मकान की साइज 500 स्क्वायर फीट की होनी चाहिए। इसमें 50-50 बेड का दो यूनिट तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता के कारण काम पेंडिंग पड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि अबतक किराए पर मकान नहीं मिला है, अगर किसी के पास शहरी क्षेत्र में 500 स्क्वायर फीट में मकान बना हो तो वैसे मकान मालिक नगर निगम प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मकान का किराया अनुमंडल पदाधिकारी विभाग से दिया जाएगा। गौरतलब है कि इस तरह का वृद्धजन आश्रम प्रत्येक नगर परिषद क्षेत्र चाहे वह जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र हो या फिर खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र हर नगर परिषद क्षेत्र में एक वृद्धजन आश्रम का निर्माण होगा।

### सरकारी स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

**मुंगेर।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सुरेश मालाकार ने जिले के सभी सरकारी स्कूलों के प्रातः कालीन संचालन समय में समयानुकूल परिवर्तन करने कि मांग जिला पदाधिकारी से किया हैं। जिला सचिव मालाकार ने कहा कि विगत 15 अप्रैल से 15 मई तक एक माह तक सूबे के सभी सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया था, इसके बावजूद स्कूलों को 8 बजे सवेरे से लेकर 10 बजे तक मिशन दक्ष के तहत कक्षा संचालन कार्य शिक्षकों ने किया। फिर 16 मई से 30 मई तक सूबे के सभी सरकारी स्कूलों का संचालन प्रातः कालीन पाली में 6 बजे सुबह से 12 बजे अपराह्न तक, इसके बीच 10 बजे से 10:30 बजे तक मध्याह्न भोजन कराने का आदेश शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया है। बच्चों को 12 बजे अपराह्न तक शैक्षणिक कार्य समाप्त होने के बाद शिक्षक स्कूल में कमजोर बच्चों को मिशन दक्ष की तर्ज पर विशेष कक्षाओं का संचालन करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य कार्य यथा - गृहकार्य, कॉपियों की जांच, साप्ताहिक मूल्यांकन व मासिक मूल्यांकन की कॉपियों की जांच एवं पाठ टीका का निर्माण करेंगे। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक इस दौरान उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त छात्रों का नामांकन एवं अन्य प्रशासनिक कार्य भी करेंगे। विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी अपराह्न 1:30 बजे विद्यालय से प्रस्थान करेंगे। जिला सचिव मालाकार ने शिक्षा विभाग के इस आदेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूलों के बच्चे घर से 6 बजे सुबह भूखे स्कूल आएंगे और 10 बजे स्कूल में मध्याह्न भोजन खायेंगे। इन बच्चों को चार घंटा तक भूखे कैसे स्कूल में रखा जा सकता है। बच्चों की उपस्थिति 90 प्रतिशत होनी चाहिए, यदि निरीक्षण के समय बच्चों की उपस्थिति कम पाई जाएगी तो एक दिन का वेतन काटने का आदेश जिला शिक्षा विभाग से तुरत जारी किया जाना आम बात हो गई है। उमस भरी गरमी एवं बच्चों के स्वास्थ्य हित को देखते हुए विद्यालय संचालन समय 6:30 से 12 बजे अपराह्न तक करने की मांग की है।

### पैक्सों में गेहूं खरीदारी की रफ्तार सुस्त

**मुंगेर।** जिले में गेहूं की खरीद 15 मार्च 2024 से शुरू की गई है, जो 15 जून तक निर्धारित है। जिला सहकारिता पदाधिकारी धर्मनाथ प्रसाद ने बताया कि सरकार ने इस साल गेहूं खरीद के लिए एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य दर 2,275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि अबतक 15 मार्च से अबतक 27.47 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पायी है, जो की लक्ष्य का 5 प्रतिशत भी नहीं है। सरकार ने मुंगेर जिला को 5,954 एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 45 पैक्स और 2 व्यापार मंडल में गेहूं की खरीद हुई है। जिले के कुल 26 किसानों ने गेहूं की बिक्री पैक्स व व्यापार मंडल में की है। सबसे ज्यादा खड़गपुर प्रखंड में 10 पैक्स, धरहरा में 8 पैक्स, तारापुर में 9 पैक्स, असरगंज में 5 पैक्स, संग्रामपुर में 5 पैक्स, टेटियाबंबर में 5 पैक्स, जमालपुर में 2 पैक्स और बरियारपुर में एक पैक्स में गेहूं की खरीददारी की गई है। सूर्योदय 4.58 प्रातः आसमान शुष्क बना रहेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है दिन 270 अधिकतम | रात 420 सूर्यास्त 6.23 सायं H 22 कैरेट (रेट प्रति ग्राम में, जीएसटी एक्स्ट्रा) बाजार में मिल रही ज्यादा कीमत डीसीओ ने बताया कि इस साल गेहूं की खरीद के लिए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना 150 रुपए अधिक है। पिछले साल एमएसपी रेट 2,125 रुपए प्रति क्विंटल था। उन्होंने बताया कि इस साल एमएसपी रेट में 150 रुपए की बढ़ोतरी किए जाने के बावजूद बाजार में जहां गेहूं का मूल्य किसानों को 2300 से लेकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल मिल जा रही है, वहीं एमएसपी रेट 2,125 रुपए प्रति क्विंटल है। एफसीआई के द्वारा जहां किसानों को भुगतान 24 घंटे के अंदर कर दे रही है, वहीं पैक्सों व व्यापार मंडलों के द्वारा गेहूं बिक्री का भुगतान कई दिन लग जाते हैं।

# भागलपुर में साला ने जीजा के 10 लाख रुपए चुराए

**जमीन बेचकर गोदरेज में रखे थे पैसे, भाई की पत्नी ने किया मदद, विरोध करने पर मारपीट**

निज संवाददाता | भागलपुर



भागलपुर में एक परिवार में 2 पक्षों में खूब मारपीट हुई। एक परिवार ने आरोप लगाया है कि मैंने अपनी जमीन को बेचकर 10 लाख रुपए घर के गोदरेज में रखा था। इसी दौरान मेरे भाई की पत्नी और उसके 2 भाइयों ने गोदरेज से पैसा चुराकर फरार हो गया। घटना मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के मनियारपुर गांव की है। पीड़ित ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि भाई के दो साले ने अपनी बहन पूनम देवी के कहने पर मेरे गोदरेज में रखे 10 लाख रुपए तोड़कर ले लिया। 8 दिन पहले गांव के ही लोगों को दो कट्ठा जमीन बेचा था। दोनों ने 5-5 लाख रुपए दिया था। घायल ओमप्रकाश की बेटी खुशबू ने बताया कि पापा ने 2 कट्ठा जमीन बेचकर रुपए गोदरेज में रखे थे। बड़ी मम्मी और अन्य दो लोगों ने गोदरेज के लॉकर को तोड़कर रुपए ले लिए। पापा उक्त रुपए से दूसरे जगह जमीन लेते। विरोध करने पर बड़ी मम्मी पूनम देवी ने मेरे सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर, घटना की जानकारी डायल 112 को टीम को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय मधुसुधनपुर थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। घायल पिता और बेटी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर इलाज चल रहा है। इस संबंध में थानाअध्यक्ष सफदर अली ने बताया कि तीनों घायलों का इलाज के लिए भेज दिया गया है। दोनों पक्ष में आपसी सहमति की बात चल रही है। लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वज्रपात की चपेट में आने से दढ़ियार में एक की मौत

निज संवाददाता | टेटिया बंबर

प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर बाद वज्रपात की घटना घटी जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं गंगटा थाना क्षेत्र के दढ़ियार गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी एवं वज्रपात की घटना घटी। जिसमें चंपाचक गांव स्थित मुखिया शारदा देवी के आवास के समीप नारियल के पेड़ पर वज्रपात हो गई। जिससे नारियल के पेड़ के समीप बने चबूतरानुमा शेड में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में इसकी सूचना टेटिया बंबर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को दी गई। जहां से एंबुलेंस भेजकर सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायलों में विकेश कुमार, पिता बबलू कुमार उम्र 13 वर्ष, गौतम कुमार पिता सुभाष चंद्र विद्यार्थी उम्र 32 वर्ष, आशीष कुमार पिता धर्मेंद्र कुमार उम्र 10 वर्ष, देव कुमार पिता रजनीश राज उम्र 12 वर्ष, आशीष कुमार पिता अश्विनी कुमार घायल हो गए। सभी घायलों को मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह ने एंबुलेंस के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सभी का इलाज किया। दूसरी ओर गंगटा थाना क्षेत्र के दढ़ियार गांव के समीप मूंग की खेत का पटवन कर लौट रहे किसान फंटूश यादव पिता रूदो यादव उम्र 30 वर्ष तेज आंधी में एक आम के पेड़ के समीप आम चुनने लगे। तभी वज्रपात की चपेट में आ गए, जिससे वह अचेत होकर गिर गए। जिन्हें मुखिया प्रतिनिधि रामविलास यादव के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर लाया गया। जहां चिकित्सक प्रदीप कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मची चीख-पुकार वहीं अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्री कुमकुम कुमारी एवं पत्नी को छोड़ गए। अस्पताल परिसर में मृतक की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि रामविलास यादव ने बताया कि कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत मृतक के परिजन को मुखिया रेणु देवी के द्वारा 3000 का आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया गया।

## बदमाशों ने युवक को मारी गोली, चाचा पर भी हमला

**बाइक से आए थे तीन बदमाश, दो को पकड़ लोगों ने पीटा**



निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार की देर रात तीन बाइक सवार बदमाशों ने लूटपाट के दौरान एक युवक को गोली मार दी। घटना मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के कंझिया बाईपास के समीप बिहारीपुर जाने वाले रास्ता के सुनसान जगह लोहार के एक दुकान के पास की है। दरअसल, पीयूष कुमार (26) अपने ननिहाल से घर भतोरिया के गंगा प्रसाद जा रहे था। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाशों बंदूक के बल पर गाड़ी रुकवाकर मोबाइल, पैसे समेत अन्य सामान छीन लिया। इसी दौरान युवक के चाचा फंटूश यादव दूध देने के लिए भतोरिया गंगा प्रसाद से कंझिया के तरफ जा रहे थे। इसके बाद घायल युवक मदद के लिए चिल्लाया। चाचा मौके पर पहुंचे तो बदमाशों ने उसके चाचा पर भी बंदूक तान दी। इसके बाद स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए और दो बदमाशों को पकड़ जमकर धुनाई कर दी। घटना के बाद मधुसुदनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दोनों बदमाशों लोगों के कब्जे से छुड़ाया और इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया।

## ट्रेन में पानी बेचता था शख्स, हो गई मौत, मुंगेर में मिला शव, पीट-पीटकर हत्या की आशंका

**लाश लाकर दूसरी जगह फेंका**

निज संवाददाता | मुंगेर



मुंगेर के धरहरा थाना क्षेत्र के फुल्का बहियार में लावारिस अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के छोटी दौलतपुर निवासी 40 वर्षीय सोनू कुमार के रूप में हुई है। गुरुवार की अहले सुबह करीब पांच बजे शौच के लिए बहियार की ओर गई एक महिला ने इंडियन बैंक शाखा गोविंदपुर से महज 100 मीटर पीछे बहियार में स्थित पैन में एक व्यक्ति का शव देखा। महिला ने घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। उनकी सूचना पर धरहरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, एसआई संजीव कुमार, एएसआई कुंदन दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन करने में जुट गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक शख्स के चेहरे पर बाईं आंख और पेट वाले हिस्से में भी चोट के निशान पाए गए। शव को देखने से प्रतीत होता है कि अपराधियों ने किसी अन्य स्थान पर उसे बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या की गई हो और शव को फुल्का बहियार के पैन में लाकर फेंक दिया है। बता दें कि फुल्का बहियार के जिस पैन (नदी) में लावारिस अवस्था में शव पाया गया। संबंधित घटनास्थल तीन तरफ से गांव से घिरा हुआ है जिसके एक ओर जमालपुर क्षेत्र का परिसीमन वाला गांव पड़ता है तो वहीं दूसरी ओर दशरथपुर - जमालपुर मुख्य सड़क पर बसा गांव है तथा तीसरी ओर बड़ी गोविंदपुर गांव है जो लगभग 100 मीटर की दूरी पर ही है। धरहरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजन के द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भागलपुर में वज्रपात से युवक की मौत, मवेशी चराने के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता | भागलपुर



♦ मृतक के परिजनों को जल्द मिलेगा मुआवजा

भागलपुर में गुरुवार को आकाशीय बिजली के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बाखरपुर थाना क्षेत्र के बाबूपुर पंचायत के एक बहियार का है। बताया जा रहा है कि मृतक भैस चराने के लिए बहियार गया हुआ था। इसी दौरान गुरुवार की शाम हल्की बारिश हुई। इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बाबूपुर पंचायत निवासी कैलाश यादव के बेटे पिंटू यादव (28) के रूप में की गई है। मृतक के एक बेटा और बेटी हैं। वह मजदूरी कर अपना परिवार का भरण पोषण करता था। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों उसने स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**जल्द मिलेगा मुआवजा:** इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा के युवा नेता मोहम्मद गुलजार मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी बाकरपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजेंगे। इधर स्थानीय जनप्रतिनिधि ने अंचलाधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है आपदा के तहत मिलने वाले मुआवाजा जल्द परिजनों को दिलाने की बात कही है।

## भागलपुर में सड़क हादसे में दो युवक की मौत

**तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक में मारी टक्कर, मौके पर ही दोनों की हुई मौत**

निज संवाददाता | भागलपुर



भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र के चौक से महज 100 मीटर की दूरी पर तेज रफ्तार हाईवा ने दो बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कहलगांव सबौर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फिलहाल आक्रोशित लोगों को शांत करवाने की कोशिश कर रहे हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सबौर से ममलखा के तरफ जा रहे दो बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार हाईवा ने कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौत हो चुकी है। मृतक ममलखा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रही है।

## स्वर्ण पदक जीतने से खेल प्रेमियों ने जताई प्रसन्नता

निज संवाददाता | मुंगेर

♦ जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिल कुमार ने राष्ट्रीय डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किए

जिले के खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक जीतने से प्रसन्नता व्याप्त है। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिल कुमार ने राष्ट्रीय डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किए। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 से मात दी। अभय ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिक्स्ड डबल्स में हरिंदर पाल सिंह संधू और राधिका सीलन की जोड़ी को 2-1 से हराकर स्वर्ण जीता। खेल प्रेमी विक्रम शर्मा, डॉ. शब्बीर हसन, मो. हैदर, वीरेंद्र कुमार, ज्ञानदेव साह, सुदीप कुमार गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए तथा भारत का नाम रौशन करने एवं स्वर्ण पदक जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## 15 साल से जाम पड़े नाले की सफाई शुरू, 50 कर्मियों को दी जिम्मेदारी

निज संवाददाता | मुंगेर

पिछले सप्ताह प्री-मानसून की बारिश के चलते शहर में जगह-जगह जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई थी। बारिश के कारण जलजमाव की समस्या को देखते हुए नगर निगम प्रशासन की ओर से वैसे बड़े नालों की सफाई करवा रही है, जो पिछले 15 सालों से अधिक समय से सफाई नहीं हुई थी। लोक स्वच्छता पदाधिकारी पिंटू कुमार व गुलाम रब्बानी ने बताया कि 2 नंबर गुमटी के पास आउट फॉल नाला जो रेलवे क्रासिंग दुर्गास्थान और तोपखाना बाजार के पास ब्रिज के कार्नर से लेकर वार्ड नंबर-11 तक के बड़े नाले की सफाई तह तक पिछले 15 सालों से नहीं की गई थी, जिसे इस बार मानसून के पहले जितने भी गाद से नाला छिछला हो गया है, उसे तह तक सफाई करायी जा रही है। इसके लिए वकायदा दो जेसीबी मशीन लगाया गया है।

इसके अलावा 50 सफाई कर्मी की स्पेशल टीम बनाकर बड़े नाला व आउट फॉल की सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लाल दरबाजा स्थित गीता बाबू रोड के आउट फॉल नाला की भी साफ-सफाई का काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही से नाला व आउट फॉल की सफाई हो जाएगी तो निश्चित तौर पर भारी बारिश के बाद भी शहर में 1 घंटे से अधिक समय तक जलजमाव नहीं हो पाएगा। मालूम हो कि नगर निगम क्षेत्र में 4 आउट फॉल के अलावा छोटे-बड़े 50 से अधिक छोटे-बड़े नाले हैं। गौरतलब है कि मानसून की बारिश बाद शहर में जलजमाव की समस्या को देखते हुए बारिश पूर्व नाला की साफ-सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए नगर विकास व आवास विभाग ने नगर निगम प्रशासन को निर्देश दिया है।

सड़क पर बालू व गिट्टी गिराने वाले को नगर निगम ने थमाया नोटिस नगर निगम के लोक स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि शहर के कई जगहों पर नाला से सटाकर बालू व गिट्टी गिरा दिए जाने के कारण भी नाला जाम की स्थिति बन जाती है। कहीं-कहीं बीच गली व सड़क पर ही बालू व गिट्टी लोगों के द्वारा गिरा दिए जाने कारण पानी निकासी अवरूद्ध हो जाती है। इस तरह की समस्या की शिकायत लगातार आ रही है। नगर निगम प्रशासन ने ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। फिलहाल लाल दरबाजा के तीन लोगों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा जहां-जहां से बालू व गिट्टी गिराने की शिकायत मिलती है, उसके खिलाफ नगर निगम प्रशासन की ओर से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मैथली ठाकुर ने बेतिया में मचाया धमाल

## रोड शो एवं मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम में मतदान करने का किया अनुरोध

**सभी मतदाता अपने महत्व को समझें और 25 मई को अपने अपने बूथों पर जाकर अवश्य करें मतदान : डीएम**

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



**मझौलिया**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में पश्चिम चम्पारण जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधि के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आज राज्य स्वीप आईकॉन लोक गायिका सुश्री मैथिली ठाकुर ने भाग लिया। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रोड शो का आयोजन किया गया। रोड शो समाहरणालय परिसर से प्रारंभ हुआ जो मुहर्रम चौक, जनता सिनेमा चौक, रेडक्रॉस चौक, पावर हाउस होते हुए स्थानीय प्रेक्षागृह जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्टेट स्वीप आईकॉन सुश्री मैथिली ठाकुर ने अपने अनोखे अंदाज में जिले के मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने हेतु जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे। इसके उपरांत स्थानीय प्रेक्षागृह में मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का मत एक समान है। सभी मतदाता अपने महत्व को समझें और 25 मई को अपने अपने बूथों पर जाकर अवश्य मतदान करें। तत्पश्चात सुश्री मैथिली ठाकुर द्वारा मतदान आधारित सुमधुर गीत "अपने अधिकारों का सम्मान करें-चलो मतदान करें" की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। पुनः "दिल दिया है जान भी देंगे, ए वतन तेरे लिए", "जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया", रामजी से पूछे जनकपुर की नारी", की प्रस्तुति पर भी दर्शकों में खूब लुत्फ उठाया। इसके साथ ही सुश्री मैथिली ठाकुर ने अन्य गीत-संगीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सुश्री मैथिली ठाकुर के द्वारा उपस्थित मतदाताओं से अपने मतदान के कर्तव्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), रामानुज प्रसाद सिंह, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, कमलाकांत त्रिवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रजनीकांत प्रवीण, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनंत कुमार, डीपीएम जीविका, आर के निखिल, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत।

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा बेतिया

चाणक्य भूमि (बैरिया)

बैरिया थाना क्षेत्र के फुलियाखाड़ पंचायत के सनकहिया माई स्थान के उत्तर इस्थित तालाब मे स्नान करने के दौरान अधेड़ को पानी में डूबने से मौत हो गई है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हुई है।इसकी सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्मार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के फुलिया खाड़ पंचायत के समधोवा के वार्ड नंबर 9 निवासी नवीन तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी शुक्रवार की सुबह सनकहिया मई के उतर इस्थित तालाब में नहाने के लिए गया।जहा नहाने के क्रम के गहरा पानी में चले जाने के क्रम में डूब गया।जहा मौजूद लोगो ने सोर गुल किया।सोर गुल सुन स्थानीय लोग इकट्ठा हुए तब तक मृतक नवीन पानी में डूब गया था। मौजूद लोग मछुवारे को बुलाए ।जहा मछुवारे के ने जाल से शव को तालाब से बाहर निकाला गया।इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातमी सनटा पसर गया।वही मृतक की पत्नी मायके गई हुई थी।तीन बच्चे पढ़ने के लिए बेतिया गया हुवा था। बैरिया थाना के पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया।






# कांग्रेस प्रत्याशी का नौतन क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान

चाणक्यभूमि (बैरिया)



पूरे देश के लोग उत्साह के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने को तैयार हैं। जुलाई से हर महीने महिलाओं के खाते में 8500 यानी सालाना एक लाख रुपये प्रत्येक परिवार की आर्थिक स्थिति बदल देंगे। सरकारी नौकरियों में आधी हिस्सेदारी महिला शक्ति को मजबूत करेगी। आशा, आंगनबाड़ी और रसोइया बहनों के मानदेय में केंद्र का अंशदान दोगुना होगा। 25 लाख की बीमा योजना मेडिकल खर्च के दलदल से बाहर निकालेगी। उक्त बातें नौतन विधानसभा चुनाव क्षेत्र अंतर्गत झखरा,डाबरिया, शिवराजपुर,मड़ूवाहा,फुलियाखांड आदि पंचायतों में जन-संपर्क के दौरान माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा। उन्होंने ने कहा लोग सरकार बदलने के मूड़ है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी जी केहाथ छाप पर मतदान करने की जरूरत है।हाथ जितेगा हालात बदलेगा भाजपा प्रत्याशी को अधिकांश गांवों में विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा प्रत्याशी द्वारा जिला प्रशासन का दुरूपयोग कर राजनीतिक विरोधियों जो कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं को परेशान किया जा रहा है । उक्त अवसर पर भाकपा नेता वीरेंद्र राव , समाजसेवी बाबू बब्बू सिंह, अनील सिंह आदि मौजूद थे।

# बंद पड़ी मझौलिया का इथनॉल प्लांट को चालू कराने की मांग उठी

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)



**मझौलिया**।शुगर इंडस्ट्रीज के सभागार में शुक्रवार के दिन जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार ने एक महती सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में ड्रेनेज की समस्या दुरुस्त हो जाये तो बाढ़ की समस्याओ से छूटकारा मिल जायेगा।मामूली बारिस में भी मझौलिया पानी पानी हो जाता है।ड्रैनेज की सफाई जरूरी है।बाजार का सभी कचड़ा चीनी मिल के नाली में गिराया जाता है।जिससे आये दिनों नाली की जाम से जूझना पड़ता है।समारोह की अध्यक्षता जीएम कमर्शियल यू एन राय ने की। उन्होंनेआगत अथितियों का स्वागत किया।महाप्रवंधक प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे,सेफ्टी ऑफिसर गोविंद कुमार चौधरी,मैनेजर इंस्ट्रूमेंट के के ठाकुर, टरबाइन इंजीनियर विनोद राय, सुरक्षा पदाधिकारी अशोक मिश्रा,इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अमरनाथ मिश्रा,दीपक ओझा , शंभु ठाकुर,संपत शर्मा,राकेश कुमार सिंह,समेत सैकड़ो की संख्या में चीनी मिल कर्मी शामिल रहे।बड़े उत्साह के साथ श्रमिको की भागीदारी रही।बताते चले कि चीनी मिल के डिस्टलरी डिवीज़न में आबंटन नही मिलने के कारण उत्पादन बंद करना पड़ा है।करोड़ो का घाटा लग रहा हैब।वक्ताओं ने कहा कि सरकार को इस संदर्भ में पहल करना जनहित में होगा।






# सदर अस्पताल मोतिहारी में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश एमसीएच का हुआ उदघाटन



**मोतिहारी**।शुक्रवार को, सदर अस्पताल मोतिहारी में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एमसीएच की शुरुआत हुई है। जिसमें जिले के 27 प्रखंडो के गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल, जांच, संस्थागत प्रसव, महिलाओं को सिजेरियन की सुविधाएं, 53 तरह की जांच, आईसीयू, महिला ओपीडी, प्रसव पश्चात देखभाल के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। एमसीएच की महिला चिकित्सक डॉ प्रीति गुप्ता ने बताया की यहाँ प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण हो रहा है। यहां प्रतिदिन औसतन 30 से 35 प्रसव होता है। इसके अलावा 4-5 सिजेरियन भी होता है। यहां प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना अन्तर्गत प्रत्येक माह की 9 तारीख एवं 21 तारीख को विशेष जाँच की जाती है। एमसीएच बिल्डिंग पूर्ण रूप से वातानुकूलित है, जहाँ शौचालय, पीने का पानी, बैठने की सुविधाएं उपलब्ध है।

**इमरजेंसी इलाज का मिला लाभः** पहाड़पुर की 26 वर्ष की रौशनी कुमारी ने बताया की मैंने गर्भ धारण के शुरुआत समय में प्राइवेट डॉक्टर के यहां इलाज कराया परन्तु इलाज में महंगी जांच, दवाओं में ज्यादा रूपये खर्च हो रहें थे तब मैंने मोतिहारी सदर अस्पताल में इलाज कराया, अब मुझे सभी जांच, दवाए, इलाज अब मुफ्त में प्राप्त हो रहा है और मै पहले से स्वस्थ भी हूं।

**जिले में हुआ 72 हजार संस्थागत प्रसव, 1037 महिलाओ का हुआ सीजेरियनः** जिले के डीसीएम नंदन झा ने बताया की वर्ष 2023-2024 में जिले के सभी 27 प्रखंडो में 72 हजार महिलाओ का संस्थागत प्रसव कराया गया है, वहीं 14 हजार महिलाओ का बंधयाकरण कराया गया है,1 लाख 78 हजार एएनसी कराई गईं है,1037 महिलाओ का सीजेरियन, 35 पुरुष नसबन्दी कराई गईं है। उन्होंने बताया की जिले के चकिया अनुमण्डलीय अस्पताल एवं सदर अस्पताल में सिजेरियन की सुविधाएं उपल्बध है।

पीएसआई इण्डिया के जिलाप्रतिनिधि अमित कुमार ने बताया की विगत वर्ष 4000 उच्च जोखिम वाली महिलाओ का सुरक्षित प्रसव कराया गया। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए अस्पताल लाने एवं घर छोड़ने की सुविधा एंबुलेंस के माध्यम से निःशुल्क दी जाती है, उन्होंने बताया की यह सुविधा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत दी जाती है।

# मझौलिया चीनी मिल कर्मी से फर्जीवाड़ा

## साइबर अपराधियों ने खाता से निकाली सवा लाख

**एटीएम का कोड पूछ खाता किया साफ मामले में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज**

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)



**मझौलिया**। शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में कार्यरत स्टोर्स इंचार्य मृत्युंजय पांडेय के खाता से 1लाख 14 हजार रुपये की निकासी कर ली।मामले को लेकर पीड़ित ने मझौलिया थाना में धोखाधड़ी की एफआईआर किया है।इसके अलावे श्री पांडेय ने साईबर सेल में ऑनलाइन केस किया है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि आवेदन के आलोक में एफआईआर कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।उल्लेखनीय है कि बिगत 11मई शनिवार को किसान सम्मान निधि से फ़ोन आया कि मैं विकास भवन पटना से बोल रहा हूँ।केवाईसी के अभाव में आपका राशि दो वर्षो से पेंडिंग पड़ा है।चुनाव के पूर्व इस राशि भुगतान करना है।आपके मोबाइल पर एक लिंक गया है उसे क्लिक करें।फिर बोला कि आपका नेट बंद है।उसने नेट ऑन कराया।फिर एटीएम का दोनो तरफ का फोटो मांगा।एटीएम का कोड पूछा और बोला कि कल किसान सम्मान निधि का बकाए रुपये आपके खाता में ट्रांसफर हो जायेगा।दूसरे दिन रविवार था।रविवार दिनांक 12 मई को श्री पांडेय के पीएनबी मझौलिया के खाता नंबर 0780000400034242से निन्यानवे हजार नौ सौ निनावे रुपये की साइबर फ्रॉड ने निकासी कर ली।पैसा निकासी का मैसेज इनके मोबाइल पर आया,परंतु इन्होंने ध्यान नही दिया।बुधवार दिनांक 15 मई को पुनः उक्त खाता से तेरह हजार सात सौ की निकासी कर ली गई।मेसेज देखने के बाद बुधवार को श्री पांडेय का दिमाग चकराया।उन्होंने तत्काल पीएनवी मझौलिया के प्रवन्धक से अपना खाता फ्रीज़ कराया।












## पारिवारिक कलह से फंदा लगा विवाहिता ने की आत्महत्या

चाण्क्य भूमि(मैनाटांड़)

थाना क्षेत्र के इनरवा गांव में एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह से आजिज आकर आत्महत्या कर ली है।घटना गुरुवार की शाम की है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सरफराज अहमद और मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेजा । उक्त द्वय अधिकारियों ने पारिवारिक विवाद के कारण विवाहिता के आत्महत्या की बात बतायी है। हालांकि पोस्टमोर्टम रिपोर्ट आने के बाद सही तथ्यों का पता लगने के बाद बताया गया।मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के इनरवा गांव निवासी विजय साह की पत्नी गुड़िया देवी (18 वर्ष )के रूप में की गयी है। मृतका गुड़िया देवी का मैके पूर्वी चंपारण के पलनवा थाना क्षेत्र के गाद सिसवनिया गांव है। मौके पर पहुंचे मृतका गुड़िया देवी की माता प्रतिमा देवी ,बड़े पिताजी शिवपूजन साह सहित अन्य परिजनों ने दहेज में बाइक नहीं मिलने के कारण ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी का पति विजय साह और ससुर वीरेंद्र साह जीविकोपार्जन के लिए कश्मीर गये हुये हैं। वहीं घर पर अपाहिज और गूंगी सास और एक आठ साल का देवर है।मृतका के बड़े पिताजी शिवपूजन साह ने बताया कि घटना के एक दिन पहले गुड़िया देवी ने अपने पिता पूजन साह को फोन कर बताया था कि ससुराल वाले मुझे परेशान करते रहते हैं और कल गुरुवार को गुड़िया देवी के मोबाइल पर दसों बार फोन करने पर जब उसने फोन नहीं उठाया तो। मृतका के पिता राम पूजन साह को शक हुआ ।तब तक पड़ोसी के द्वारा फोन किया गया कि आपकी बेटी की स्थिति सही नहीं है।जब हमलोग पुलिस के साथ इनरवा पहुंचे तो देखे कि गुड़िया देवी अपने घर में लटकी पड़ी है ।गले पर निशान भी है।मैनाटाड थानाध्यक्ष अ मंटू कुमार ने बताया कि पति के विवाद के कारण विवाहित गुड़िया देवी ने आत्महत्या की है। फिर भी अगर परिजन दहेज की हत्या का आरोप लगा आवेदन देते हैं तो उनके आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए गहन तरीके सेछानबीन की जायेगी।

## बदला गया माधोपुर का जला ट्रांसफॉर्मर



चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**।माधोपुर पावर हाउस में स्थित 5 एमबीए का पावर ट्रांसफॉर्मर शुक्रवार को बदल दिया गया।जानकारी विधुत एसडीओ विकास कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि बिगत 10 मई को ट्रांसफॉर्मर जल गया था ,नतीजतन बिजली की आपूर्ति निर्वाध गति से नही हो पा रही थी।लोड शेडिंग की समस्या बढ़ गया था।उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर को 24 घंटे चार्ज करने के लिये रखा गया है ।शनिवार को दोपहर में ट्रांसफार्मर पर लोड दिया जायेगा । उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी से कल निजात मिल जायेगी। पावर ट्रांसफार्मर जलने के बाद फीडर को लोड शेडिंग में चलाया जा रहा था ।ट्रांसफार्मर बदल जाने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714